तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024



10 माता- पिता की मौत के बाद पहुंची बालगृह बालिका...



10 महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में...



## खबर संक्षेप

### जिले में सुशासन दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



**दंतेवाड़ा।** जिले में सुशासन दिवस और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, सदस्य रामू नेताम, सुलोचना कर्मा और जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा उपस्थित थे। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत समय सीमा पर 30 लाभार्थियों को उपहार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा, कृषि, स्वास्थ्य, और पंचायत विभाग के मैदानी कर्मचारियों के साथ-साथ युवोदय वॉलेंटियर्स और बालमित्रों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### समस्याओं का समाधान हेल्पलाइन सेवा हुई शुरू



**दंतेवाड़ा।** प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से निशुल्क हेल्पलाइन सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। आमजन अपनी समस्याओं जैसे बिजली, पानी, पेशन से के संबंध में निशुल्क हेल्पलाइन 9302706669 के जरिये प्रशासन को अवगत कराकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा सुबह 10 बजे से ▶▶| शेष पेज 10 पर

## प्रदेश आंगनबाड़ी महिला कार्यकर्ता सहायिका संघ ने प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

## दावा: जिस मोबाइल आईडी से सनी लियोनी का नाम महतारी वंदन योजना से जोड़ा गया वह आंबा कार्यकर्ता वेदवती का नहीं, संघ ने चक्काजाम करने की दी चेतावनी

### सनी लियोनी प्रकरण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निर्दोष, बहाल करें: रुक्मणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बॉलीवुड की पोर्न स्टार सनी लियोनी प्रकरण में तालुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वेदवती जोशी को फंसाया गया है। महतारी वंदन योजना की राशि मे जो भी गड़बड़ी हुई है उसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की कोई भूमिका नहीं है। हमारी कार्यकर्ता निर्दोष है। जिस मोबाइल आईडी से सनी लियोनी के नाम से महतारी वंदन योजना से जोड़ने का काम किया गया, वह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वेदवती जोशी का नहीं है।

#### एक माह के अल्प समय में फॉर्म भरने का था दबाव

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि महतारी वंदन योजना का फॉर्म एक माह के अल्पकाल में सबमिट करने का प्रशासन ने दबाव डाला। पहले ऑफ लाइन फॉर्म भरने कहा गया फिर इसमें बदलाव करते ऑन लाइन सबमिट करने का दबाव डाला गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका ज्यादा शिक्षित नहीं होती, फिर भी समय पर पूरा कार्य का निष्पादन किया। ग्रामीण क्षेत्र में नेटवर्क समस्या के चलते ऑनलाइन कार्य मे परेशानी हुई।




#### बड़े अधिकारियों पर हो कार्रवाई

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा इस पूरे मामले में हमारी कार्यकर्ता को बलि का बकरा बनाया गया। जबकि पूरे मामले में दोषी पर्यवेक्षक, आईसीडीएस परियोजना अधिकारी, जनपद पंचायत के सचिव, फॉर्म सबमिट करने में मुख्य भूमिका निभाने वाले डाटा इंट्री ऑपरेटर और जिस बैंक में राशि जमा हो रहा है, उस बैंक के अधिकारी को बर्खास्त किया जाए।

प्रशासन से इस पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच की मांग करते हैं।

उक्त बातें प्रदेश आंगनबाड़ी महिला कार्यकर्ता सहायिका संघ की प्रदेश अध्यक्ष रुक्मणी सज्जन ने बस्तर जिला पत्रकार भवन में गुरुवार को पत्रकारवार्ता में कही। उन्होंने तालुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वेदवती जोशी को बर्खास्त करने की कार्रवाई को एकतरफा बताया। बीजापुर, दन्तेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव, सुकमा की जिलाध्यक्ष इस पूरे प्रकरण की जांच की मांग करने अपना आक्रोश जता रही है। सही जांच होने पर दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ जायेगा। प्रदेशाध्यक्ष सज्जन ने चेतावनी दी कि इस ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सियासत : करपावण्ड मण्डल अध्यक्ष नियुक्ति में आयु सीमा का उल्लंघन

# मण्डल अध्यक्ष में नियुक्ति को लेकर बवाल दावेदार समेत कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

▪ प्रदेश संगठन समेत सांसद से की गई शिकायत

चित्रकोट विधानसभा के लोहण्डीगुड़ा में मण्डल अध्यक्ष की नियुक्ति में नाराजगी और विरोध के बाद अब बस्तर विधानसभा के करपावण्ड में भी नियुक्ति के विरोध में कार्यकर्ता लामबंद हो गये हैं। यहां 45 साल से अधिक आयु के कार्यकर्ता को मण्डल अध्यक्ष बनाने का जमकर विरोध किया गया है। विरोध में दावेदार समेत बड़ी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रदेश संगठन और सांसद को शिकायत कर मण्डल अध्यक्ष की नियुक्ति रद्द करने की मांग की है।



गौरतलब है कि लोहण्डीगुड़ा के भाजपा कार्यालय में ताला जड़ने और पत्र चिपकाकर विरोध जताने का काम पहली बार किया गया है। इसी तरह की नाराजगी करपावण्ड समेत अन्य मण्डलों में देखी गई। करपावण्ड के कार्यकर्ताओं ने सांसद महेश कश्यप मण्डल चुनाव प्रभारी दिनेश कश्यप और जिलाध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी को शिकायत पत्र सौंप कर नये सिरे से मण्डल अध्यक्ष का चुनाव कराने की मांग की है। कार्यकर्ताओं की मांग है कि इस नियुक्ति में सक्रियता, आयु सीमा और अन्य योग्यताओं को ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### नियुक्ति की कार्रवाई में रायशुमारी नहीं

अनेक सक्रिय कार्यकर्ताओं ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि मण्डल अध्यक्ष की नियुक्ति में कार्यकर्ताओं से रायशुमारी नहीं की गई। सक्रियता के मापदण्ड को दरकिनार किया गया। जिस पर अधिकांश कार्यकर्ताओं की सहमति थी उसे न बनाकर किसी अन्य को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इससे आने वाले दिनों में असंतोष की स्थिति बनेगी। एक तरह से अपने चहेते को बड़े नेताओं ने अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी है। अध्यक्ष बनने के लिये 50 सक्रिय सदस्य बनाने वाले को प्राथमिकता देनी थी लेकिन इस पर भी ध्यान नहीं दिया गया। कार्यकर्ताओं का यहां तक कहना था कि रायशुमारी महज दिखावा था। जहां चहेतों को दायित्व दिया गया।

## स्कूटी सवार दो छात्रों को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



▪ पर्यटन स्थल मिचनार से लौट रहे थे, मावलीभाटा के करीब हुआ हादसा

लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के मिचनार पिकनिक स्पॉट से लौट रहे दो छात्रों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर दो छात्रों की डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई।

स्थानीय विद्या ज्योती स्कूल में अध्ययनरत 8-9 छात्र गुरुवार सुबह बाइक व स्कूटी से पिकनिक स्पॉट मिचनार गए हुए थे। वापसी के दौरान कोड़ेनार थाना क्षेत्र के मावलीभाटा के करीब अज्ञात वाहन ने स्कूटी में सवार दो छात्रों को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर दोनों छात्रों को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### लालगाड़ी की चर्चा




*बताया जा रहा है कि मावलीभाटा मुख्य मार्ग से गुजर रही लाल रंग की चारपहिया वाहन क्रमांक सीजी 17 केआर 9764 के चालक द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मारी। हादसे में यूसुफ अंसारी पिता सिराजुदीन 17 वर्ष निवासी महात्मागांधी वार्ड व अमन चौधरी पिता पंकज चौधरी निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड 16 वर्ष की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस द्वारा पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द*

## ओडिशा सीमा पर मिला 193 बोरा अवैध मक्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

▪ मंडी की टीम ने दो ट्रकों को रोककर ली तलाशी



बस्तर संभाग के 11 मंडियों में अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए टीम गठित की गई है। सीमावर्ती राज्यों से मंडी के प्रवेश में अवैध धान से जुड़े वाहनों की जांच की जा रही है, सीमावर्ती राज्य में धनपूंजी, कोंटा, भोपालपटम के पास बेरियर में टीम तैनात किया गया है। इसके तहत राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के जेडी की टीम ने हॉल ही में कोंडागांव द्वारा सीमावर्ती राज्य ओडिशा का अवैध धान की सूचना पर दो ट्रक को रोका। इसमें ▶▶| शेष पेज 10 पर

## औचक निरीक्षण पर जिला अस्पताल पहुंचे सीएमएचओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

▪ ओपीडी में डॉक्टर और मरीजों से व्यवस्था की जानकारी ली



जिला अस्पताल की व्यवस्था और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सर्वप्रथम ओपीडी और ओपीडी में बैठे डॉक्टर और मरीजों से व्यवस्था की जानकारी ली गई। इंजेक्शन कक्ष, एनसीडी कक्ष, फार्मेसी कक्ष की पूरी जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात ▶▶| शेष पेज 10 पर

## अतिक्रमण करने वाले दो आरोपियों की जमानत न्यायालय ने की निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



वन भूमि के अतिक्रमण करने वाले दो आरोपियों की जमानत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा निरस्त की गई, जिससे अतिक्रमणकारियों में दहशत व्याप्त है। जगदलपुर रेंजर की तरफ से विरोध पत्र बनाया गया था, जिससे उनकी जमानत निरस्त हुई।

न्यायालयीन सूत्रों के प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदलपुर परिक्षेत्र के उप परिक्षेत्र नानगूर अंतर्गत परिसर बड़ेकवाली के संरक्षित वन कक्ष क्रमांक- पीएफ 1750 (नया कक्ष क्र. 1085) में वर्ष 2018-2019 मिश्रित प्रजाति का पौधारोपण विभागीय एवं कैम्पा मद से 30.00 हेक्टयर में किया गया था। जिसमें से चचालगुर निवासी आरोपी मोनू राम एवं मेहतर द्वारा 20.00 हेक्टयर क्षेत्र में रोपित ईमारती पौधों को उखाड़कर एवं खड़े वृक्षों की गेंडलिंग की गई थी। उन झाड़ों को जलाकर नष्ट किया गया। अभियुक्तों द्वारा पौधारोपण के पौधों को उखाड़कर नष्ट किया गया एवं फेंसिंग खूटों को भी तोड़कर शासकीय संपत्ति को हानि पहुंचाई गई। जिस कारण शासन को 41 लाख 6 हजार 430 रुपए का नुकसान किया है। इस अपराध में अभियुक्तों ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### अतिक्रमणकारियों का टूटेगा मनोबल

*वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा ने बताया कि गंभीर वन अपराध प्रकरण को देखते हुए द्वितीय अपर जिला सत्र न्यायालय द्वारा इनकी जमानत अर्जी खारिज की गई, जिससे अतिक्रमण कारियों में भय व्याप्त है। न्यायालय के इस निर्णय से निश्चित ही अतिक्रमण कारियों का मनोबल टूटेगा, भविष्य में ये लोग दोबारा वन अपराध या अतिक्रमण करने की हिम्मत नहीं करेंगे।*

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खेत में बिजली तार गिरने से 5 पशुओं की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



भोपालपटनम ब्लॉक के रुद्रारम ग्राम में जर्जर बिजली का तार खेत में गिरा। तार से करंट लगने के कारण 5 पशुओं की मौत हो गई। यह घटना भारी बारिश के बाद हुई। इस हादसे में केशबोइना किस्टस्वामी की 4 भैंसें और केशबोइना रामचंद्रम की 1 भैंस की जान चली गई।

गांव में पिछले तीन दिनों से बिजली की आपूर्ति बाधित थी, जिससे ग्रामीण पहले ही परेशान थे। आज सुबह बारिश के कारण खेत में लगा पुराना तार टूटकर गिरा। दो किसानों के भैंस खेत में चारा खा रही थीं। अचानक तार टूटकर गिर गया जिससे करंट के चपेट में आने से भैंसें की मौत हो गई। केशबोइना किस्टस्वामी ने कहा, उनकी 4 भैंसें मर गईं। यह मेरी आजीविका का सहारा थीं। वही केशबोइना रामचंद्रम ने बताया, मेरी एक भैंस मर गई। यह भैंस मेरी खेती और दैनिक जरुरतों के लिए महत्वपूर्ण थी। अब क्या करूंगा मृत भैंसों के लिए मुआवजा देने की मांग करेंगे।



## खबर संक्षेप

### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न

**कोण्डागांव।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला कोण्डागांव सामान्य सभा की बैठक भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के अध्यक्ष कलेक्टर कुणाल दुदावत और चुनाव अधिकारी सुश्री निकिता मरकाम, डिप्टी कलेक्टर की उपस्थिति में आहूत की गई। जिसमें 36 आजीवन सदस्य उपस्थित रहे। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष के द्वारा समस्त आजीवन सदस्यों को अधिक से अधिक रेडक्रॉस समिति जिला कोण्डागांव में क्यू, आर. कोड स्कैनिंग के माध्यम से आजीवन सदस्यों के संख्या बढ़ाने एवं अधिक से अधिक दान कराने के लिए अनुरोध किया गया। विकासखण्डों में रक्तदान शिविर आयोजित कर जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता बनाये रखने के लिए अनुरोध किया गया। जिले में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए विकासखण्डों एवं जिला मुख्यालय में स्वास्थ्य सुविधा कैंप के माध्यम से उपलब्ध कराने, जिसमें विशेषज्ञों की उपलब्धता जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से किये जाने एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से मेडिकल स्टोर संचालित कर आमजनों को सुविधा उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। बैठक में निर्विरोध चुनाव के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा जिला प्रबंध समिति के 18 सदस्यों का निर्वाचन जिला प्रबंध समिति में किया गया। साथ ही सभापति मनोज जैन, उप सभापति ओमप्रकाश टावरी, कोषाध्यक्ष दिपेश अरोरा एवं राज्य प्रबंध समिति सदस्य उत्तम रक्षित को निर्विवाद निर्वाचित किया गया।

### आगामी निर्वाचन की बैठक स्थगित, नई तारीख घोषित

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ नगर पालिकाओं के आगामी निर्वाचन के संबंध में 27 दिसंबर 2024 को प्रस्तावित बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। यह बैठक अब 7 जनवरी 2025 को पूर्व निर्धारित स्थान और समय पर आयोजित की जाएगी। पहले यह बैठक साइंस कॉलेज परिसर, जिला रायपुर में आयोजित की जानी थी। नई तारीख में भी बैठक इसी स्थान पर होगी। उक्त जानकारी कोंडागांव सीएमओ दिनेश डे ने दी है।

# माता- पिता की मौत के बाद पहुंची बालगृह बालिका और साबित किया प्रतिभा को केवल अवसर चाहिए, हेमबती राष्ट्रपति से हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य की गौरव और कोंडागांव जिले की बेटी हेमबती नाग को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय बाल पुरस्कार समारोह में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हेमबती नाग को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हेमबती ने कठिन परिस्थितियों में भी अपना हौसला नहीं खोया और अपनी अथक मेहनत और कड़े संघर्ष से खेलो इंडिया और राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और यह उपलब्धि हासिल की।

बाल देखरेख संस्था छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद, बालगृह बालिका जिला कोण्डागांव में निवासरत बालिका हेमबती नाग ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024–25 प्राप्त कर कोण्डागांव जिला और छत्तीसगढ़ राज्य का मान बढ़ाया है। बालिका हेमबती नाग ग्रामीण परिवेश से है।

मार्च 2019 में माता पिता की मृत्यु के पश्चात बालिका की अत्यंत कमजोर स्थिति में होने से देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग से बाल कल्याण समिति के द्वारा बालगृह बालिका जिला कोण्डागांव में प्रवेश कराया गया। बालिका 41 वीं बटालियन के सहयोग से जूडो खेल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। बालिका ने नवम्बर 2021 में चंडीगढ़ पंजाब में जूडो चौम्पियनशीप में सब जूनियर के 28 कि.ग्रा. वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## छत्तीसगढ़ राज्य का गौरव बनी कोंडागांव की बेटी, मिला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

### राष्ट्रीय स्पर्धाओं में हासिल किए कई पदक

2022 में खेलो इंडिया के क्षेत्रिय प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया एवं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 2023 मे भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय खेलो इंडिया टूर्नामेंट में 5 वां स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय शालेय खेल में कांस्य पदक प्राप्त किया। वर्ष 2024 में बालिका ने क्षेत्रीय खेलो इंडिया प्रतियोगिता नासिक महाराष्ट्र में 40 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय शालेय जुडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। दिसम्बर 2024 में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत जूडो में अगरतला त्रिपुरा में रजत पदक प्राप्त किया। बालिका की लगातार मेहनत और लगन ने तथा खेल के प्रति जुनून ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया।





### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार असाधारण योग्यताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बच्चों को दिया जाता है। राष्ट्रीय स्तर के ये पुरस्कार 5 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को बहादुरी, कला और संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल जैसी सात श्रेणियों में उनकी उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं। पीएमआरबीपी के प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पुस्तिका दी जाती है। जिले की बेटी हेमबती नाग को राष्ट्रपति के हाथों राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने जिले की महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम को भी की भी सराहना की।

## आयोजन: महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को किया गया सम्मानित

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन एक महत्वपूर्ण कदमः लता उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विधानसभा स्तरीय महतारी वंदन महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सम्मानित करना और उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देना था।

विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचाना जरूरी है और इसमें महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने महिलाओं से अपने आस-पास के लोगों को भी योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि जिले की महिला हितग्राहियों के खातों में हर महीने 17 करोड़ रुपये का लेन–देन हो रहा है। जिससे क्षेत्र का आर्थिक विकास भी हो रहा है। सुश्री उसेण्डी ने विभिन्न योजनाओं, जैसे महतारी वंदन योजना, ग्रामीण बैंक ऋण सुविधा, नोनी योजना और दुग्ध सहकारी समिति में महिलाओं की सहभागिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये की सहायता राशि दी जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं और उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल, मनोज जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई एवं विभागीय अधिकारी–कर्मचारी और महतारी वंदन योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।



### जिले की 1 लाख 39 हजार महिलाओं को मिल रहा लाभ

विधायक लता उसेंडी ने महिलाओं को ग्रामीण बैंक से मिलने वाली 25 हजार रुपये तक की ऋण सुविधा के बारे में भी बताया। जिससे वे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से व्यावसायिक गतिविधियाँ शुरू कर सकती हैं और अपना आर्थिक विकास कर सकती हैं। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया कि जिले की 1 लाख 39 हजार महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है और उनके खातों में सीधे सहायता राशि जमा हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक सखी द्वारा गांव–गांव में महिलाओं को बैंक से राशि निकालने में मदद की जा रही है। जिससे उन्हें बैंक आने–जाने में लगने वाले खर्च से राहत मिल रही है। इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिए रस्साकसी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिनके माध्यम से महतारी वंदन योजना के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी–कर्मचारी और महतारी वंदन योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# अधिक मूल्य वसूली, मिलावट व अफवाह जैसे मामलों से आम जनता को करें जागरुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के निर्देशानुसार ग्राम बुनागांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उत्तरा कुमार कश्यप के मार्गदर्शन और सचिव, सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस अवसर पर अधिवक्ता सुरेन्द्र कुमार भट्ट ने ग्रामीणों को उपभोक्ता अधिकारों और कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया। शिविर में बताया गया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत हर नागरिक को अपने अधिकारों की रक्षा करने का अधिकार है। विक्रेताओं, व्यापारियों और कंपनियों द्वारा किसी भी प्रकार के शोषण के खिलाफ उचित कदम उठाना उपभोक्ताओं का कर्तव्य है। शिविर में अधिक मूल्य वसूली, मिलावट और भ्रमकता जैसे मुद्दों पर जागरुकता फैलाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही बालकों के संरक्षण के लिए लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, मोबाइल और साइबर अपराधों से संबंधित कानूनी जानकारी दी गई। ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि किसी भी मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता की सेवा ली जा सकती है।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में ग्राम बुनागांव की सरपंच श्रीमती पंचमी कौशिक, सचिव मानसिंग मरकाम, हरीनाथ कोर्राम, दशरथ नेताम, अधिकार मित्र विवेक कश्यप, पारेश्वर देवागन और अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस शिविर ने ग्रामीणों को उनके अधिकारों और कानूनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# आरक्षण में कटौती को लेकर ओबीसी समाज 30 को करेंगे चक्काजाम

**सुकमा।** पिछड़ा वर्ग समाज के संभागीय अध्यक्ष तरूण सिंह धाकड़ ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने अध्यादेश में पिछड़ा वर्ग समाज को 30 से 50 परसेंट आरक्षण देने का वादा किया है। लेकिन बस्तर संभाग और दुर्ग संभाग के मोहला-मानपुर और बालोद जिलों में यह आरक्षण लगभग शून्य है। बस्तर और सरगुजा संभाग में 50त्न आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विगत चुनाव की तुलना में 2024 के आरक्षण रोस्टर में ओबीसी वर्ग की सीटें घटाई गई हैं। सरकार के इस निर्णय से पूरे पिछड़ा वर्ग समुदाय में गहरा असंतोष और आक्रोश है। संभागीय अध्यक्ष तरूण सिंह धाकड़ पंचायत और नगरीय निकाय क्षेत्रों में आरक्षण रोस्टर के आधार पर पिछड़ा वर्ग के लिए सीटों की संख्या में काफी कमी आई है। जो अध्यादेश जारी किया गया है वह समाज के हित में नहीं है। जिसको लेकर पिछड़ा वर्ग समाज में सरकार के प्रति भारी नाराजगी है। आरक्षण प्रक्रिया में सुधार को लेकर संभाग स्तर पर कमिश्नर और जिला स्तर पर कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल और उपमुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बावजूद इसके अब तक किसी तरह की कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। इस मुद्दे को लेकर 30 तारीख को बस्तर संभाग के सातों जिलों में पिछड़ा वर्ग समाज चक्का जाम करेगा। उक्त बातें इस दौरान संभागीय प्रवक्ता देवलाल सोमवंशी, पूर्व विधायक मनीष कुंजाम, रामा सोड़ी समेत समाज के प्रमुख मौजूद रहे।



**पिछड़ा वर्ग के साथ हुआ अन्याय, बीआरएम करेगा समर्थन-** पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने पिछड़ा वर्ग समाज के मांगों को जायज ठहराते हुए 30 तारीख को होने वाले चक्का जाम को समर्थन देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय कर रही है। मौजूदा राज्य सरकार ने पिछड़े वर्ग में आने वाली जातियों के लोगों की संख्या मालूम करने एक रिटायर्ड आईएएस आरएस विश्वकर्मा की अध्यक्षता में 7 सदस्य टीम का गठन किया था। इस विश्वकर्मा कमेटी ने महज 2 माह 15 दिन में ही रिपोर्ट सरकार को सौंप दी।

# छात्र- छात्राओं को बताई गई साहिबजादों की बलिदानी गाथा

**कोण्डागांव।** शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का आयोजन श्रद्धा के साथ किया गया। यह दिन सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को याद करने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. सी. आर. पटेल के मार्गदर्शन में हुई। साहिबजादों के छायाचित्रों के सामने दीप प्रज्वलन, तिलक चंदन और पुष्पगुच्छ अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शशिभूषण कन्नौजे ने साहिबजादों की बलिदानी गाथा सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने धर्म और सत्य के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के बेटे, जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने अपने सिद्धांतों की रक्षा के लिए वजीर खान द्वारा दीवार में जिंदा चिनवाए जाने का साहसिक बलिदान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित वीर बाल दिवस अब हर वर्ष 26 दिसंबर को इन वीरों की याद में मनाया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य साहिबजादों की अमिट वीरता और बलिदान की गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और उनके आदर्शों को प्रेरणा के रूप में प्रस्तुत करना था।




**ये रहे उपस्थित** - कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अर्जुन नेताम, शोभाराम यादव, लोचन वर्मा, हनी चोपड़ा, अम्बर बैरागी, भावना मनहरे और महाविद्यालय स्टाफ के सदस्य, छात्र–छात्राएं, वरिष्ठ छात्र मुकेश पोयाम, तिलक दास, अजीत सिन्हा, देवेंद्र सेठिया, जिगेश और द्रोणा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डेयरी फर्म के उत्पाद लस्सी में निकला कीड़ा

**दंतेवाड़ा।** जिले में पहुंचने वाली बस्तर डेयरी फर्म के उत्पाद में शिकायत मिल रही है । गुरुवार को दंतेवाड़ा शहर की दुकान से लस्सी खरीदने पहुंचे ग्राहक ने पैकेट से रेफर हटाया तो उसमें कीड़ा निकला। ग्राहक ने दुकानदार को बताया कि लस्सी से कीड़े निकल रहे हैं। एक-एक कर पांच लस्सी के डिब्बे को खोला गया तो सभी में कीड़े निकले। इस बात की शिकायत दुकानदार ने बीडीएफ की दंतेवाड़ा एजेंसी संचालक ने कंपनी से की। जैसे ही शिकायत की तो कंपनी ने उन सभी उत्पादों को तत्काल हटवा दिया। इधर इस प्रकरण की शिकायत खाद्य अधिकारी तक पहुंची। फूड विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लस्सी की पैकिंग का सैंपल अपने कब्जे में लिया है। खाद्य अधिकारी सुष्मित देवांगन ने बताया सैंपल को जब्त किया है। इस सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है।

**21 दिन में सैंपल की जांच रिपोर्ट आएगी-** फूड अधिकारी सुष्मित देवांगन इस मामले में कहते हैं कि सैंपल को जांच के लिए भेजा गया। लस्सी का रंग बदल रहा है और जिंदा कीड़े भी दिखाई दे रहे हैं। साथ ही जो भी



कमी है वो तो टेस्ट के बाद ही पता चलेगा। उन्होंने कहा कि 23 दिसम्बर की सप्लाई की लस्सी में शिकायत मिली है। बस्तर डेयरी फर्म के उत्पादों में शिकायत है। इससे पहले भी इस फर्म के उत्पादों में शिकायत मिली है। दंतेवाड़ा में ही दो या तीन प्रकरण दर्ज हुए हैं। एक बार फिर इस सैंपल को टेस्ट के लिए भेजा जा रहा है। यदि सैंपल फेल हुआ तो बड़ी कार्रवाई होगी।

**दूध से बने उत्पाद बेहद ही संवेदनशील होते हैं-** हाल में ही बीते दिनों बीजापुर हॉस्टल में पनीर खाने से कुछ स्कूली बच्चों की सेहत बिगड़ी थी। इतना ही नहीं एक बच्ची की जान भी चली गई। लस्सी की पैकिंग खोलने से कीड़े निकल रहै है, इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जगदलपुर में स्थित बीडीएफ के प्लांट में घोर लापरवही की जा रही है।

# अटल चौक में भारत रत्न और पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन



- सुशासन दिवस पर जिलेभर में हुआ आयोजन
- ग्राम व जनपद पंचायतों में जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आज जिलेभर में सुशासन दिवस मनाया गया। जिले के ग्राम पंचायतों के अटल चौक और जनपद पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। शासन के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह में कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में पूरे जिले में आयोजित सुशासन दिवस के कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता दिखाई और उत्साह के साथ सुशासन दिवस मनाया। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए उनके कविताओं का पाठ किया गया।

## पेज 9 के शेष

**दावाः जिस मोबाइल...**

पूरे मामले की उचित जांच कर निर्दोष कार्यकर्ता को बहाल नहीं किया गया तो समूचे प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों में तालाबंदी होगी। हम अपने निर्दोष कार्यकर्ता की बहाली की मांग के लिए सरकार से ईंट से ईंट बजाने को बाध्य होंगे और चक्काजाम, रेल रोको आंदोलन करेंगे। उसके बाद भी हमारी मांगो को अनसुना किया गया तो कार्यकर्ता-सहायिका दिल्ली के जंतर-मंतर में अनिश्चितकालीन धरना करेंगे। प्रेसवार्ता में सुकमा जिलाध्यक्ष दयावती यालम,बीजापुर जिलाध्यक्ष रम्भा, सचिव गौमती देवांगन, जगदलपुर शहरी जिलाध्यक्ष निर्मला चौधरी, बस्तर जिलाध्यक्ष अनिता वर्मा, दन्तेवाड़ा जिलाध्यक्ष रानी रॉक व कोंडागाँव जिलाध्यक्ष लक्ष्मी बघेल समेत समूचे संभाग के आंगनबाड़ी कार्यकता-सहायिका सम्मलित थी।

**आंबा कार्यकर्ता के आईडी से फॉर्म नहीं भरा गया-** प्रेसवार्ता में संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि हमारी कार्यकर्ता को जिस प्रकरण में बर्खास्त किया गया, उसमें उनकी कोई भूमिका ही नहीं है। निर्दोष कार्यकर्ता के मोबाइल आईडी से महतारी वंदन योजना का फॉर्म भरा ही नहीं गया। प्रशासन से मांग है पूरे प्रकरण में मोबाइल आईडी की जांच की जाए। दोषी कौन है उसका खुलासा हो जाएगा।

**मण्डल अध्यक्ष में...**

नजरअंदाज किया गया है। एक तरह से यहां बगावत की स्थिति साफ दिखाई पड़ रही है। मण्डल अध्यक्ष के लिये 35 से 45 वर्ष की आयु सीमा और सक्रिय कार्यकर्ता होना आवश्यक है। लेकिन यहां इसका पालन नहीं किया गया।

**निरस्त कर नये सिरे से हो** - सासंद समेत प्रदेश संगठन को की गई शिकायत में साफ तौर पर कहा गया कि करपावण्ड मण्डल चुनाव में तरूण पाण्डे को मण्डल अध्यक्ष बनाया गया जबकि उनकी उम्र 47 वर्ष 6 माह है इस तरह वे निर्धारित मापदण्ड में नहीं आ रहे हैं। वहीं तरूण पाण्डे ने भाजपा सदस्यता अभियान में एक भी सदस्य नहीं बनाया है। उस दौरान उन्होंने सदस्यता अभियान पर समय नहीं होने के कारण काम नहीं करना बताया था। वे सक्रिय सदस्य भी नहीं थे लेकिन जिला पदाधिकारी के रिलेशन में होने के कारण उन्हें सक्रिय सदस्य बनाया गया। जिला पदाधिकारी वेदप्रकाश पाण्डे पर कार्यकर्ताओं ने सीधा आरोप लगाया कि उन्होंने कार्यकर्ताओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। इस तरह की गतिविधि से करपावण्ड मण्डल में कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी है।

**स्कूटी सवार दो...**

के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया लेकिन उपचार से पूर्व उनकी मौत हो चुकी थी। परपा टीआई भोला सिंग राजपूत ने बताया कि दोनों छात्रों की अस्पताल पहुंचने से पूर्व मौत हो चुकी थी, मामले में अस्पताल चौकी में मर्ग कायम कर डायरी कोड़ेनार थाना भेजा जा रहा है। इस घटना का पता चलते ही दोनों बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले की जानकारी लगते ही परिजनों का अस्पताल में पहुंचना शुरू हो गया था। हादसे में दोनों युवकों के सिर में चोट आई ।

**ओडिशा सीमा पर...**

193 बोरा मक्का मिला, लेकिन मक्का का कोई दस्वावेज नहीं मिलने से मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर वाहन थाना अनतपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। साथ ही सातों जिले के जगदलपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, चारामा, संबलपुर, पखांजुर, गीदम, कोंटा, नारायणपुर एवं बीजापुर कृषि उपज मंडी क्षेत्र में जिला प्रशासन के निर्देश पर धान खरीदी के लिए अवैध धान का परिवहन रोकने की टीम के अधिकारी, कर्मचारी शामिल है।

**उपज की हो रही जांच-** राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड बस्तर संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने बताया कि मंडी क्षेत्र में अन्य प्रांतों, अंतर जिला से अवैध धान लाना प्रतिबंधित है। इसलिए परिवहन की जा रही उपज की जांच की जा रही है।

**औचक निरीक्षण पर...**

ऑडियोलॉजी डिपार्मेंट, आयुष डिपार्मेंट, कैंसर रोग डिपार्मेंट और आई डिपार्टमेंट की जानकारी ली गई। पाई गई कर्मियों पर जमकर नाराजगी व्यक्ति की। उसके बाद सर्जरी ओपीडी, सर्जरी आईपीडी, आयुष्मन रजिस्ट्रेशन कक्ष, आई इंडोर, हमर लेब के अंतर्गत सैंपलिंग कक्ष, ब्लड बैंक, एचआईवी जांच केंद्र और खून जांच और रिपोटिंग की जानकारी उपस्थित कर्मचारियों से ली। सभी कर्मचारियों को समय पर और निर्धारित ड्रेस कोड में अपने-अपने कर्तव्यों पर उपस्थित रहने की जानकारी दी। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मैत्री और कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. भंवर शर्मा भी शामिल रहे और कादंबरी का भी निरीक्षण किया गया और बच्चों की जांच, ओपीडी का निरीक्षण किया।

**अतिक्रमण करने वाले ...**

के विरुद्ध धारा 33 (1) (क) (ग) (च) एवं 52 भारतीय वन अधिनियम 1927 तथा धारा 3(1) लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 का अपराध दर्ज किया गया। मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने निर्णय में लिखा कि प्रकरण के अवलोकन से यह भी दर्शित होता है कि अभियुक्त द्वारा संरक्षित वन क्षेत्र में बिना किसी वैधानिक अनुमति के रोपित पौधों को उखाड़ना एवं अमूल्य साल वृक्षों की गेंडलिंग करना एवं खेती की उद्देश्य से अतिक्रमण करना एवं अमूल्य ईमारती वृक्षों की कटाई कर चिरान कर घर में रखा गया था, जो गंभीर वन अपराध की श्रेणी में आता है। अभियुक्तों के विरुद्ध दर्ज पूर्व के अपराध से यह तथ्य प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि दोनों आदतन अपराधी हैं। प्रकरण एवं प्रकरण के तथ्यों, परिस्थिति एवं गंभीरता, अभियुक्तों की अन्य अपराध में संलिप्ता, संरक्षित वन क्षेत्र में बिना वैधानिक अनुमति के अमूल्य ईमारती वृक्षों की कटाई, के कारणों को देखते हुए अभियुक्तों को जमानत का लाभ दिया जाना उचित प्रतीत नहीं होने से अभियुक्तों की ओर से प्रस्तुत जमानत आवेदन पत्र धारा 439 सीआरपीसी में निरस्त किया जाता है।

**समस्याओं का समाधान....**

शाम के 6 बजे तक के बीच सक्रिय रहेगी। इसके साथ ही इसमें स्वास्थ्य, भूमि संबंधी नक्शा खसरा के मामले के संबंध में शिकायत की दर्ज कराया जा सकता है। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने बताया कि जिला के हेल्पलाइन सेंटर से चाहे वह ग्राम स्तर की शिकायतें हो, अन्तर्विभागीय समस्याएं हो या फिर लंबित आवेदनों के निराकरण अथवा जैसे बिजली, पानी, सड़क जैसे मुद्दे इन सभी तमाम मामलें हो इस हेल्पलाइन पर मौजूद कर्मचारी इसे संज्ञान मे लेकर प्रशासन से संबंधित विभाग तक अवगत कराएंगे। अपनी दिक्कतों एवं समस्याओं को हिन्दी, हल्बी, गोंडी किसी भी भाषा में दर्ज कराया जा सकेगा। कर्मचारी सभी आवेदनों को पंजीकृत करके वस्तुस्थिति के बारे मे शिकायतकर्ता को अद्यतन स्थिति की जानकारी देगें और यदि समस्याओं का निराकरण हो जाता है तो कर्मचारी शिकायतकर्ता को पुनः कॉल करके उसके संतोषजनक पूर्ण निराकरण के फीडबैक की जानकारी लेंगे और फिर भी इसमें कमीबेशी रह जाती है तो फिर से इस पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। समस्याओं के पूरी तरह निराकरण के बाद ही आवेदनों को पूरी तरह से निराकृत माना जाएगा।

# अंदरूनी गांव में अब शिक्षा की किरण पहुंचने लगी, 28 बंद पड़े स्कूलों का पुनः संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला प्रशासन की अभिनव पहल स्कूल चले अभियान के फलस्वरूप सरकार के गठन के एक वर्ष के भीतर जिले में 28 पुनः संचालित शालाओं में 962 नये विद्यार्थियों ने प्रवेश लेकर शिक्षा की मुख्यधारा को अपनाया है। इन स्कूलों में 12 स्कूल अतिसंवेदनशील माओवाद ग्रसित इलाकों के हैं जहाँ 20 सालों से स्कूल की गतिविधियां पूरी तरह से बंद थी। इन इलाकों में स्कूल खोलकर जिला प्रशासन ने स्थानीय बेरोजगारों को शिक्षादूत के रूप में नियुक्ति कर नई शुरुआत की है तथा बच्चों को बुनियादी सुविधाओं के साथ शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई है।

कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार के प्रयासों से बीजापुर के अंदरूनी गांव में अब विकास की बयार और शिक्षा की किरण पहुंचने लगी है। कावडगांव, मुदवेन्डी, डुमरीपालनार, हिरोली, हिरामगुण्डा, कुरूष, ईसुलनार जैसे गांव में अब गोलियों की गुंज और बारूद के धमाके की दहशत को तोड़कर क, ख, ग, घ की आवाज सुनाई देने लगी है। स्कूल की घंटी बजते ही आकर्षक वेशभूषा में स्कूल की ओर दौड़ते बच्चें बदलते बीजापुर की कहानी गढ़ रहे हैं। चालू शिक्षा सत्र में स्कूल चले अभियान के तहत जिले में 28 बंद स्कूलों को पुन संचालित कर 962 बच्चों को स्कूल से जोड़ने में जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग सफल हुआ है। इन स्कूलों में नये भवन निर्माण की कार्यवाही प्रारंभ की गई है जो आगामी शिक्षा सत्र के पूर्व बच्चों के लिए सुलभ हो जायेगी। शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की नई पहल निपुण बीजापुर को विद्यार्थियों के बीच काफी समर्थन मिल रहा है। निपुण बीजापुर कार्यक्रम से गांव-गांव के स्कूलों में गीत, कविताओं और खेल-खेल की गतिविधियों के माध्यम से एफएलएन के लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

## स्कूल खुलने से 962 विद्यार्थियों को मिला शिक्षा का अधिकार



### रोचक शिक्षा से जोड़ा जा रहा

जिले के 777 प्राथमिक और 201 माध्यमिक शालाओं में निपुण बीजापुर के लिए शिक्षको को प्रशिक्षित कर गतिविधि आधारित बालक केन्द्रीत शिक्षा सभी 96 संकुलों में संचालित की जा रही है। पाठ आधारित गतिविधियों को सहायक शिक्षण सामग्री एवं स्वयं की गतिविधियों से शिक्षक कक्षाओं में आयोजित कर बच्चों को रोचक शिक्षा से जोड़कर बुनियादी दक्षता को विकसित करने कार्य कर रहे है। छोटे-छोटे विडियों क्लिप्स बनाकर शैक्षणिक गतिविधियों को संकुल तथा ब्लॉक स्तर पर प्रसारित कर शैक्षणिक वातावरण को रोचक और आसान बनाते हुए बच्चों का रूझान कक्षाओं की तरफ बढ़ाया गया है। इस कार्यकम से जहां बच्चों के सीखने की उपलब्धि के स्तर में वृद्धि हो रही है वही दर्ज संख्या के अनुपात में औसत उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ा है।

## खबर संक्षेप

### सुशासन दिवस पर दी योजनाओं की जानकारी

**जगदलपुर।** छापर भानपुरी में सुशासन दिवस पर पेड़ लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और स्व सहायता समूह की महिलाओं को 2 करोड़ रुपए का चेक प्रदान कर सशक्त बनाया गया। छात्र-छात्राओं को विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रैतु राम बघेल, सरपंच जीवनाथ मौर्य, डेंग भानपुरी सरपंच मुन्ना कश्यप, उपसरपंच जैसिंग बघेल, लक्ष्मण राणा, गणपति सोम, लल्लू कश्यप, शिव सूर्यवंशी, एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी डीईओ, बीईओ , जनपद सीईओ, बीआरसी सहित कार्यकर्ता,व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### पीताम्बर को बकावंड भाजपा मंडल की कमान

**बकावण्ड।** युवा मोर्चा से अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाले युवा नेता पिताम्बर कश्यप को



बकावंड मंडल की कमान सौंपी गई है। बकावंड जनपद पंचायत क्षेत्र के कोसमी पंचायत के निवासी है। 2010 से भारतीय जनता पार्टी के युवा विंग युवा मोर्चा में शामिल हुए तथा उनके लगन को देखते हुए युवा मोर्चा का कोषाध्यक्ष 2012-13 में बनाया गया और 2016 से 18 तक महामंत्री का दायित्व दिया गया। पिताम्बर कश्यप के युवा मोर्चा में बेहतरीन काम करने के कारण भारतीय जनता पार्टी ने अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए बकावंड मंडल अध्यक्ष की कमान दी गई है लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं।

### ओबीसी संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार



**गीदम।** जननायक कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर सिंह श्रीवास एवं प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम सेन की अनुसंशा पर बस्तर संभाग के अध्यक्ष शंकर सेन के नेतृत्व में दंतेवाड़ा जिले की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव शंकर श्रीवास, जिला मीडिया प्रभारी सौरभ सेन व प्रवक्ता मुन्नूलाल सेन द्वारा जिला इकाई दंतेवाड़ा का गठन कर पदाधिकारियों एवं सदस्यों को नियुक्ती पत्र देकर दायित्व सौंपा गया। जिसमें दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष मोहन सूत्राला, उपाध्यक्ष एन वीरा स्वामी, सत्नेश सविता, महासचिव कल्याण लक्ष्मण, संगठन सचिव पी भास्कर, सहसचिव श्रीरामुला अंजानेयुलु, प्रचार सचिव हर गोविंद, सलाहकार तुमेश्वर श्रीवास एवं संरक्षक विद्यानंद सेन को बनाया गया।

## आश्रम में छात्रा की मौत के बाद भी परिवार को राहत नहीं

# न्याय के लिए दर-दर भटक रहे पिता व परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लगभग एक माह पूर्व छात्रावास की दीवार से गिरने से मासूम छात्रा की मौत हो गई थी। इसके बाद से ही परिवार इंशोयरेंस क्लेम और डेथ सर्टिफिकेट के दफ्तरों के चक्कर काट रहा है लेकिन उन्हें राहत दिलाने जिम्मेदारों द्वारा

- अब तक नहीं मिला इंश्योरेंस क्लेम और डेथ सर्टिफिकेट

प्रयास नहीं किया जा रहा है। परिजनों ने इंशोयरेंस क्लेम के लिए अधीक्षिका से संपर्क किया जिसके बाद अधीक्षिका ने मामले की सूचना आगे दिने की बात कही थी। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी अब तक अधीक्षिका रटा रटाया जबाव दे रही है। यहां तक की बच्ची की डेथ सर्टिफिकेट तक परिजनों के हाथ नहीं आई है। निराश परिजनों ने अब न्याय के लिए शासन से गुहार लगाई है।

मामला बीजापुर जिले का है जहां बेटी की मौत के बाद न्याय के लिए पिता परिवार के सदस्यों के साथ दर-दर भटक रहा है। जिले के केतनपाल निवासी छात्रा फरसेगढ़ स्थित बालिका आश्रम में अध्ययनरत थी। छात्रा मंजू पोयाम आश्रम के बाउंडीवॉल से गिरकर चोटिल हो गई थी जिसकी उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों की मानें तो बच्ची आश्रम स्टॉफ के कहने पर पेड़ की टहनियों से दातून तोड़ने बाउंडीवॉल पर चढ़ी थी। दुर्घटनावश उसका पांव फिसल गया और सीधे जमीन पर गिरकर घायल हो गई थी।



### अधीक्षिका ने छिपाई दुर्घटना की बात

बच्ची के साथ दुर्घटना माह भर पहले घटी थी लेकिन आश्रम अधीक्षिका ने घटना की भनक किसी को लगने नहीं दी थी। वहीं बच्ची को आनन फानन में 6 नवंबर को कुटरू अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जगदलपुर स्थित डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेकाज के चिकित्सकों ने उसे रायपुर रेफर करने को कहा लेकिन परिजन उसे अपने साथ केतनपाल उसके घर लेकर आ गए।

### 26 नवंबर को हुई बच्ची की मौत

परिजनों के मुताबिक भैरमगढ़ ब्लाक के मंडल संयोजक शिव समरथ इलाज का पूरा खर्च वहन करने की बात कहते हुए रायपुर ले जाने के लिए कहा। जिसके बाद 10 नवंबर को रायपुर के एक अस्पताल में मंजू को भर्ती कराया गया था। सीटी स्कैन, एमआरआई के दौरान रीड की हड्डी टूटने की पुष्टि चिकित्सकों ने की थी। 22 नवंबर को बच्ची की सर्जरी हुई लेकिन पांच दिन बाद 26 नवंबर की सुबह उसकी मौत हो गई। जिसकी जानकारी मंडल संयोजक ने फोन पर परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने उसके पार्थिव देह का गृहग्राम केतनपाल में अंतिम संस्कार किया।

### शासन से न्याय की गुहार

बच्ची को खोने के बाद परिजनों ने इंशोयरेंस क्लेम के लिए अधीक्षिका से संपर्क किया। जिसके बाद अधीक्षिका का जबाव आया कि उन्हें कहीं जाने की जरूरत नहीं वे आगे सूचित कर चुकी है और जरूरत पड़ने पर परिजनों को बुलाने की बात कही थी। यहां तक की बच्ची की डेथ सर्टिफिकेट तक परिजनों को अब तक नहीं मिल पाई है। परिजनों ने पूरी आपबीती मीडिया को बताते प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

### विभाग पर उठे सवाल

मामले में परिजनों के खुलकर सामने आने के बाद अधीक्षिका और मंडल संयोजक से लेकर आदिम जाति कल्याण विभाग की कार्यशैली भी विवादों घिर गई है। सवाल उठ रहे हैं कि, बच्ची दुर्घटना का शिकार हुई तो अधीक्षिका ने पूरे मामले पर पर्दा डालने की कोशिश क्यों की गई। दूसरा यह की अगर मंडल संयोजक को इसकी जानकारी थी और उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों को घटनाक्रम से अवगत कराया था। अगर कराया था तो विभाग प्रमुख ने प्रकरण में परिजनों को राहत देने के साथ दुर्घटना की जांच को लेकर गंभीरता क्यों नहीं दिखाई। इस सबंधं में सहायक आयुक्त श्री सिंग से चर्चा का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।

## पोटाकेबिन पहुंचकर महिला आयोग सदस्य ने छात्रा की मौत की ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले के छिंदगढ़ विकासखंड के बालाटिकरा पोटाकेबिन में अध्ययनरत दूसरी कक्षा की आदिवासी छात्रा की अचानक हुई मौत पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य

- आश्रम में अव्यवस्था पर भी जानकारी मिली

अधिवक्ता दीपिका शोरी जांच करने पोटाकेबिन पहुंची। दीपिका ने छात्राओं एवं पोटाकेबिन के कर्मचारियों से कई बिन्दुओं पर बात की। उन्होंने मृत छात्रा के साथ पढ़ने वाली बच्चियों के साथ वन टू वन बात की साथ ही समस्त कर्मचारियों से पोटाकेबिन की कमियों के बारे में भी बात की।

विदित हो कि छात्रा की अचानक तबीयत बिगड़ी थी, उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार तोंगपाल क्षेत्र की आठ वर्षीय रोशनी नाग दूसरी क्लास में पढ़ाई कर रही थी। एक दिन पहले ही प्रार्थना के समय छात्रा की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

जिसके बाद पोटाकेबिन के स्टाफ आनन-फानन में उसे छिंदगढ़ के अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन छात्रा ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। चिकित्सा अधिकारी उमाशंकर तिवारी से बात की तो उन्होंने छात्रा को अस्पताल में भर्ती करने से पहले ही उसकी मृत्यु होना बताया।

दीपिका ने कि कहा की छात्राओं के साथ किसी प्रकार की भी लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इस घटना में जो भी जिम्मेदार होंगे उन पर कार्यवाही की जायेगी। मैं अगले माह से पूरे जिले के पोटाकेबिन एवं आश्रम शालाओं का दौरा कर छात्राओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करूंगी।

## अटल जी के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



देश में सुशासन की कल्पना को चरितार्थ करने वाले, असंख्य भारत वासियों के प्रेरणास्त्रोत, परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी पर बुधवार को भाजपा दंतेवाड़ा ने स्व. अटल बिहारी की जयंती को सुसाशन दिवस के रूप में मंडल स्तर पर मनाया गया। भाजपा मंडल द्वारा जिला भाजपा कार्यालय, चितालंका में छायाचित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने अटल बिहारी बाजपेयी के सुशासन काल का उल्लेख करते हुए कहा जनसंघ से लेकर प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भारत देश की उन्नति प्रगति और विकास के लिए स्व. अटल बिहारी ने राष्ट्र और जनहित के लिए जो कार्य किये वो हम सब के लिए अनुकरणीय है।

श्री अटामी ने उनके कार्यकाल में हुए छग राज्यनिर्माण को छत्तीसगढ़ वासियों के अस्मिता और स्वाभिमान के लिए अनुकरणीय पहल बताते हुए गांव, गरीब मजदूर किसानों के हित मे समर्पित कार्यो की जानकारी दिया और अटल जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी ने स्व. अटल बिहारी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की छत्तीसगढ़वासियों को अथाह प्रेम करने वाले स्व. अटल को प्रदेशवासी सदैव याद रखेंगे।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री दंतेवाड़ा रुपन मंडल एवं आभार व्यक्त जिला पंचायत सदस्य रामु नेताम ने किया। भाजपा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष दंतेवाड़ा जय भंसाली ने पूर्व मंडल अध्यक्ष जयदयाल नागेश को पुष्पगुच्छ भेंट कर सफल कार्यकाल की बधाई दी। इस दौरान जिले के समस्त भाजपाई उपस्थित रहे।

### आंदोलन को लेकर कांग्रेस की बैठक आज

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस की 27 दिसम्बर को 11:30 बजे कोपागुड़ा सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल, विनिवेशीकरण, स्थानीय युवाओं के लिये रोजगार की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ आगामी 30 दिसम्बर को नगरनार से होने वाली पदयात्रा को लेकर संगठन, प्रशासनिक महामंत्री मलकीत सिंह गैदु की उपस्थिति में बैठक होगी।

SBI सूचना SBI
समस्त ग्राहक को सुचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा पोन्दुम (61218) को भारतीय स्टेट बैंक कटेकल्याण (61218) में स्थनांतरित कर दिया गया है। 01.01.2025 से शाखा भारतीय स्टेट बैंक कटेकल्याण में संचालित होगी।
शाखा प्रबंधक
NOTICE
Kind Attention To The Customers Branch SBI Pondum (61218) Shifted To SBI Kateklyan (61218) From 01-01-2025 Branch Will Operate In SBI Kateklyen (61218)
Branch Manager
9515190285

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## सुशासन दिवस के रूप में मनाई अटल जयंती




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे अटल ने राष्ट्र की रक्षा से लेकर विकास एवं समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए अविस्मरणीय कार्य किए। अटल बिहारी वाजपेई के जयंती के पर गीदम मण्डल के मड़से शक्ति केन्द्र में ग्राम पंचायत मड़से व ग्राम पंचायत बड़े पनेड़ा में स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी,भाजपा जिला महामंत्री संतोष गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, मण्डल महामंत्री उरदो ठाकुर, मण्डल मंत्री संतोष सोनी, वरिष्ठ मंगलू हकपा, रामु वेक, अजय नागेश, चंद्रनाथ यादव, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।



## बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्राओं को दिए गए महत्वपूर्ण टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण मुख्यालय जावंगा में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए बच्चों के लिए स्टडी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय में स्टडी कैंप में छात्राओं को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए जा रहे है। स्टडी कैंप 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कुमारी मुस्कान जैन ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लगातार अभ्यास से अच्छे अंक लाये जा सकते हैं। जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करें और उसके लिए अथक प्रयास करें। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में मदद करना है। हमें उम्मीद है कि यह स्टडी कैंप छात्रों के लिए उपयोगी साबित होगा। इस स्टडी कैंप में छात्रों ने विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों से सीखा और अपने प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया। विद्यालय की यह पहल छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में मदद करने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सितार-वादक शुभ्रनिल की प्रस्तुति कल



**जगदलपुर।** स्वरागिनी द्वारा 28 दिसंबर को शास्त्रीय संगीत की सुरमयी संगीत संध्या का आयोजन लागू वाटिका में संध्या 6 बजे से किया जा रहा है। जिसमें देश के ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। प्रसिद्ध सितार वादक शुभ्रनिल सरकार अपनी प्रस्तुति देंगे। शुभ्रनिल ने रवींद्र भारती विश्वविद्यालय से संगीत में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की और स्वर्ण पदक विजेता रहे। शुभ्रनिल सरकार ने भारत, अमेरिका, यूरोप, मैक्सिको और दक्षिण-पूर्व एशिया में कई संगीत कार्यक्रमों में प्रस्तुति दी है।

### लंबित मांगो को लेकर प्रांताध्यक्ष सीएम से मिले



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ सहायक पशुचिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष कैलाश चौहान ने मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट की। प्रांताध्यक्ष चौहान ने संघ के प्रारंभिक ग्रेड पे उन्नयन, तृतीय समयमान वेतनमान,पदोन्नति तथा रिक्त पदों के विरुद्ध में भर्ती के संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिस पर मुख्यमंत्री ने शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। संघ के डेलिगेशन में प्रांतीय महामंत्री अमित वर्मा, प्रांतीय महामंत्री, कृषिकांत घृतलहरे, बृजेंद्र सिंह,मोती नाथ पैंकरा, बीएस पैंकरा और जशपुर के जिला अध्यक्ष के के पटेल उपस्थित थे।

### अटल चौक में याद किये गये पूर्व प्रधानमंत्री




**जगदलपुर।** ग्राम कलचा में स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी पर श्रद्धाजंली दी गई। सांसद महेश कश्यप समेत भाजपा के नेता, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे। सांसद ने अपने सम्बोधन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के व्यक्तित्व और उनके जीवन यात्रा के बारें में जानकारियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अटल जी का पूरा जीवन सादगी, समर्पण और जनसेवा से भरा रहा। ग्राम कलचा के अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री को लोगों ने याद कर श्रद्धाजंली दी।

### आयुष्मान कार्ड शिविर कल

**जगदलपुर।** पंजाब सनातन धर्मसभा की ओर से शहर के पंजाब भवन में एक दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड साथ लाने को कहा। धर्मसभा के अध्यक्ष नवरतन जलोटा एवं महासचिव विवेक कपूर ने उक्त जानकारी दी।

**सियासत : निर्वाचन अधिकारी अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी पहुंचे**

# भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए बंद कमरे में रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा जिला अध्यक्ष के चयन के लिए गुरुवार को रायशुमारी हुई। चुनाव अधिकारी अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी की

- 45 से 60 के बीच जिलाध्यक्ष बनने की क्राइटीरिया में दिग्गजों के नाम उड़े
- कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के बाद प्रदेश संगठन को सौपेंगे रिपोर्ट

अध्यक्षता में दोपहर दो बजे से यहां पार्टी कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें क्राइटीरिया तय होने से समूचे जिला से केवल 102 पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बैठक में आमंत्रित किया गया। गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे रहे। विक्रम उसेंडी बैठक के बाद बन्द कमरे में एक-एक कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की। किसे अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए, कौंन संगठन को मजबूत करने में योग्य है। कार्यकर्ताओं के साथ व्यवहार कैसा है। विपक्ष को कौन करारी टक्कर दे सकता है।

बैठक में सांसद महेश कश्यप, महापौर सफीरा साहू, दिनेश कश्यप,वेदवती कश्यप,डॉ सुभाउ कश्यप,बैदूराम कश्यप,लच्छुराम कश्यप, संतोष बाफना, जिलाध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी,योगेंद्र पांडे, विद्याशरण तिवारी, शिवनारायण पांडे, सुधीर पांडे, संजय पांडे, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा,आर्यन्द्र सिंग आर्य,सुब्रतो विश्वास,राजेन्द्र बाजपेई, अविनाश श्रीवास्तव, सहित लगभग 102 लोगों को आमंत्रित किया गया। बैठक में शामिल होने के लिए पदों की क्राइटेरिया पहले से ही जारी की गई थी।बस्तर जिला भाजपा अध्यक्ष के लिए आधा दर्जन प्रमुख दावेदार हैं।





#### एक पद, आधा दर्जन दावेदार

मिली जानकारी अनुसार जिलाध्यक्ष के लिए आधा दर्जन से अधिक दावेदार है। दावेदारों में रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पांडे, संजय पांडे, सुरेश गुप्ता, रजनीश पाणीग्राही, मनीष पारख व संग्राम सिंह राणा के नाम सम्मलित है।

#### उम्र बंधन से दिग्गजो के नाम कटे

45 से 60 आयु सीमा तय होने से दिग्गज नेताओं के नाम कट गए। ये सभी वर्तमान जिला कार्यकारिणी में विभिन्न पदों में हैं। रायशुमारी के बाद विक्रम उसेंडी दावेदारों के नाम की वरीयता सूची तैयार कर प्रदेश संगठन को सौंपेंगे। इस माह के अंत तक या फिर अगले माह जनवरी के पहले सप्ताह में नए अध्यक्ष की घोषणा किए जाने की संभावना है।

## सुशासन दिवस पर भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

भारतरत्न पूर्व प्रधान मंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती पर नगर पंचायत में अटल परिसर भूमि पूजन कार्य क्रम आयोजित किया गया।

कार्य क्रम को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। भारत के पूर्व प्रधान मंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के स्वर्ण जयंती के अवसर पर अटल परिसर भूमि पूजन कार्य क्रम हाई स्कूल के पास पटवारी निवास के पास में मनाया गया।कार्य क्रम में प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय कावर्चुअल प्रसार को दिखलाया गया इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवम अधिकारी कर्मचारी और गणमान्य लोगों के द्वारा छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके नमन किया गया।सभी लोगों के द्वारा अटल बिहारी वाजपेई अमर रहे की नारे लगाए गए।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के साथ साथ देश हित में उनके योगदान को याद किया गया सुशासन की जानकारी दी गई।

कार्य क्रम के मुख्य अतिथि यालम वेंकटमंडल अध्यक्ष रहे अध्यक्ष रवि बोरे उपाध्यक्ष नगर पंचायत एवम नीलम गणपत विशिष्ठ अतिथि प्रदेश कार्य करनी सदस्य रहे। श्रीमती जया चिडेम जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा ,राकेश केताराप जिला मंत्री , सीताराम सरपंच , गिरिजा शंकर युवा नेता ,यालाम सुरेश किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष,गोविंद कुमरे युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष,श्रीमती सरिता कूड़ेएम, तथा नगर पंचायत के अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव उप अभियंता ,सूर्य किरण चिड़ेम लेखा पाल, डी भुनेश राजस्व शाखा, घनश्याम,देवर अशोक आदि । बारिश होने के बावजूद भी अटल परिसर भूमि पूजन कार्य क्रम में लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मंच संचालन एवम वर्चुअल प्रसारण दिखलाने का कार्य एट ला निवास के द्वारा किया गया।

## समस्याओं को लेकर संयुक्त संचालक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के संभागीय अध्यक्ष अमलेस ठाकुर के नेतृत्व एवं संभाग के समस्त जिलाध्यक्षों की उपस्थिति में संभागीय स्तर की स्थानीय समस्याओं को लेकर संयुक्त संचालक को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष ने बताया कि विभाग द्वारा परामर्शदात्री समिति की बैठक में हमारे संघ को बुलाया नहीं जाता है जिससे संघठन से जुड़े सदस्यों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। बस्तर संभाग के अंतर्गत समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करें कि हर जिले में परामर्शदात्री समिति की बैठक में प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के पदाधिकारियों को भी बुलाया जाए ताकि हम पुरजोर तरीके से प्रभावित शिक्षकों की समस्याओं को रख जा सके और समस्याओं का निराकरण किया जा सके । संयुक्त संचालक ने आश्वासन दिया है कि आप लोगों को भी समिति के बैठक में बुलाया जायेगा इसके के लिये जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जाएगा। सुकमा जिलाध्यक्ष के द्वारा एनपीएस कटौती न होने पर चालान द्वारा राशि जमा किया गया। किन्तु उक्त राशि का समायोजन आज तक नहीं किए जाने की जानकारी दिए जाने पर तत्काल संयुक्त संचालक द्वारा उच्च अधिकारियों से संपर्क कर समाधान करने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई समस्या हो तो बताएं तत्काल निराकृत करने का प्रयास करूंगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी, महासचिव डेंसनाथ पांडे, सह सचिव चन्द्रभूषण ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष मीरा ठाकुर सहित शिक्षक उपस्थित थे।

# शहीद गैद सिंह की प्रतिमा में दीप प्रज्ज्वलित कर मनाया गया शक्ति दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



दंतेवाड़ा ज़िले के हल्बा गढ़ बारसूर में अखिल भारतीय हल्बा - हल्बी आदिवासी समाज के द्वारा 26 दिसम्बर को शक्ति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पाली ग्राम एरपुंड , कौशलनार , गीदम के हल्बा समाज के सगाजन शामिल हुए। शक्ति दिवस समारोह के अवसर पर समारोह स्थल से दंतेश्वरी मावली माता मंदिर तक कलश यात्रा निकालकर गांव के मावली माता के प्रागंण में दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

और सभा भवन में बस्तर और हल्बा जनजाति की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी और परलकोट विद्रोह के जननायक शहीद गैद सिंह की प्रतिमा में दीप प्रज्ज्वलित के साथ ध्वजा रोहण कर विभिन्न संस्कृति रंगा रंग कार्यक्रमों बच्चों के लिए चित्रकला , निबंध , प्रतियोगिता के साथ साथ युवाओं के लिए वालीबॉल मैच का आयोजन किया गया । साथ ही हल्बी ,छत्तीसगढ़ी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति था,जिन पर लोगों ने अपना भरपूर आशीर्वाद के रूप में नोट बरसाया।

वक्ताओं के द्वारा समाज को संगठित होकर कार्य करने, शिक्षा, बेरोजगारी, स्वरोजगार, शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने व एक दूसरे को सहयोग देने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के अंत में भोजन पश्चात समाज में हो रही विघटन,अलगाववाद पर समाज को संगठित करने हेतु सामूहिक चिंतन किया गया जिस पर युवक-युवती, महिलायें, सियान लोगों के द्वारा अपना-अपना विचार रखा गया। साथ ही बारसूर गड़ अध्यक्ष रामनाथ पुजारी और गड़ सचिव हरीराम प्रधान, हल्बा समाज 32 गढ़ सलाहकार खुड़ी राम समरथ के द्वारा विशेषकर फर्जी जाति प्रमाण पत्र को रोकने को लेकर युवा वर्ग को जागरूक होने और हल्बा जनजाति की संस्कृति, रीति रिवाजों, परम्पराओं को बचाये रखने पर विशेष जोर दिया गया।

#### 26 दिसम्बर शक्ति दिवस का इतिहास

आपको बता दे की छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग में निवासरत करने वाले आदिवासी जनजातियों में प्रमुख जनजाति हल्बा जाति के द्वारा प्रति वर्ष 26 दिसम्बर को अपने शौर्य बलिदान के सम्मान के रूप में शक्ति दिवस समारोह का आयोजन किया जाता है। सर्व प्रथम शक्ति दिवस का आयोजन बड़े डोंगर में आदिवासी आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी बड़ेडोंगर के क्षत्र छाया में में दिनांक 26 दिसम्बर सन् 1998 दिन शनिवार के मध्य रात्रि को प्रारम्भ हुआ जिसका विषय पांचों महासभा का एकीकरण होना था। शक्ति दिवस हल्बा समुदाय के द्वारा हल्बा विद्रोह की स्मृति एवं पांचों हल्बा महासभाओं की एकीकरण के स्मृति में मनाया जाने वाला हल्बा समुदाय की ऐतिहासिक व विशेष महत्वपूर्ण दिन है जिसका हल्बा जनजाति के लोग उत्साह पूर्वक 26 दिसम्बर को शक्ति दिवस के रूप में मनाते हैं ।

## सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

नगर पंचायत बस्तर के वार्ड क्रमांक 4 में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई के

- अटल परिसर व विभिन्न विकास कार्यों का सांसद ने किया भूमिपूजन

जन्मदिवस और सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के द्वारा कुनकुरी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 20 लाख लागत अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष की उपस्थिति में अटल परिसर निर्माण कार्य व 2 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन पंडित के मंत्रोचार के साथ विधि विधान से किया गया।




इस दौरान सांसद महेश कश्यप ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई ने 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण करके दिया। आज हम गर्व से बोलते हैं छत्तीसगढ़ महतारी की जय। छत्तीसगढ़ महतारी को कोई जन्म देने वाला है तो भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी उन्होंने प्रधानमंत्री सड़क योजना बनाया और उन्होंने लक्ष्य रखा कि भारत के प्रत्येक गांव में डामर सड़क मिलता है उनकी देन है। इस दौरान नमस्ते योजना के तहत सफाई कर्मचारियों को किट , प्रधानमंत्री आवास के गृहणियों को विष्णु की पाती दिया गया। कार्यक्रम में सीएमओ नगर पंचायत तरुण पाल लहरों ने नगर पंचायत में चल रहे विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी प्रदान किया। नगर पंचायत अध्यक्ष डोमाय मौर्य, उपाध्यक्ष शालीना सैमसन, जनपद उपाध्यक्ष मोहन मौर्य, रामानंद मिश्रा, उदबोराम नाग, अरुण परिहार, डॉ व्ही एस राजपूत, कुसुम परिहार, सुकदेव मंडावी, रविशंकर शुक्ला, एसडीएम ए. आर. राणा, जेडी अवस्थी,उप अभियंता रोहित नाग सहित भाजपा कार्यकर्ता व महिला समूह सहित ग्रामीण व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# शमशान घाट में सुविधाओं का अभाव, लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नगरपालिका बचेली के वार्ड क्रं. 15 में अवस्थित शमशान घाट में मुलभुत सुविधाएं नदारद हैं। शमशान घाट में घांस-फुस उग आये हैं जिसकी वजह से जंगल जैसी बनी हुई हैं। साफ सफाई नहीं होने से लोगों के अंतिम संस्कार मे परेशानी होती है। मंगलवार को रात्रि 9.30 बजे एक बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार करने गए लोगों ने शमशान घाट में सुविधाएं नहीं होने से नाराजगी जताई। आलम यह है कि बिजली कि व्यवस्था भी वार्ड के लोगों द्वारा की जाती हैं।



यहां 2017-18 में मुक्तिधाम शेड का निर्माण हुआ है लेकिन वन विभाग के पुलिया निर्माण का क्लीयरेंस नहीं देने के कारण मुक्तिधाम शेड का उपयोग वार्ड के लोग नहीं कर पा रहे हैं और लाखो रूपये की लागत से बनी मुक्तिधाम शेड का उपयोग नहीं होने के कारण और देखभाल नहीं होने से जर्जर हो रही हैं। वहीं चोर यहाँ के लोहे के एंगल को चुराकर कबाड़ी वालों को बेचे हैं। लेकिन प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रही हैं।

वार्ड में रहने वाले अधिकांश लोग बंगीय समाज के हैं, जिनका शव दाह का नियम हैं कि मृत्यु पर्यन्त तत्काल शव का अंतिम संस्कार किया जाता हैं। वहीं बरसात के मौसम मे अंतिम संस्कार करने परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं परन्तु यहां बने हुए शेड का आज तेक कोई उपयोग नहीं कर पाए हैं। पिछले 6- 7 सालो से नगर पालिका वन विभाग के क्लीयरेंस के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही है।




## वीर बाल दिवस पर याद किये गये वीर साहबजादे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नानगुर मंडल के सरगीपाल के पंचायत भवन में गुरूवार को वीर बाल दिवस का कार्यक्रम किया गया। जिसमें भाजपा पदाधिकारी, ग्रामवासी और ग्रामीण बच्चे उपस्थित थे।

मुख्य वक्ता लक्ष्मण झा ने गुरु गोविंद सिंह के दो साहबजादे फतेह सिंह और जोरावर सिंह की वीरता के बारे में बताया। बच्चों को पेन देकर पढ़ाई के लिए कहा। योगेश मिश्रा तथा हरी मण्डावी ने सभी को वीर बनने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान भाजयुमो अध्यक्ष रैतू नाग, महामंत्री भरत सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम का संचालन किया। सरपंच चम्पा नाग, मंडल मंत्री राजू पोयाम, मंत्री डमरू भारती, बूथ अध्यक्ष मोहन नाग, शक्ति केंद्र सयोजक प्रहलाद निषाद, सालीम बघेल, सोनू बघेल, प्रकाश साहू, अमन बघेल, कश्मीरा सिंह, अमन नाथ, जयमन, डोमू, लखमू, उपस्थित रहे।

